प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पंतनगर, जिला- ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

विश्वविद्यालय की गृह विज्ञान महाविद्यालय की छात्राओं का शानदार प्रदर्शन

पंतनगर। 05 जनवरी 2021। उत्तराखण्ड शासन के उच्च शिक्षा विभाग के अन्तर्गत राजकीय महाविद्यालयों में सहायक प्राध्यापक के रिक्त पदों पर चयन प्रक्रिया हेतु दिसम्बर माह घोषित परिणाम में विश्वविद्यालय की गृह विज्ञान महाविद्यालय की छात्राओं का प्रदर्शन सराहनीय रहा।

उत्तराखण्ड राज्य के विभिन्न राजकीय महाविद्यालयों में गृह विज्ञान विषय में सहायक प्राध्यापक के रिक्त पदों हेतु उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित चयन प्रक्रिया के अन्तर्गत लिखित परीक्षा एवं साक्षात्कार के आधार पर श्रेष्ठता क्रम में 14 पदों हेतु अभ्यर्थियों का चयन किया गया जिसमें गृह विज्ञान महाविद्यालय की छात्राओं डा. पारूल बोरा, डा. सोनाली कार्तिक, डा. शालिनी पाण्डे, डा. सविता राठौर, कु. संगीता सिडोला, कु. प्रियंका शाह, कु. हर्षा रावत एवं डा. भूपेन्द्र औलख का योग्यता के आधार पर चयन हुआ है।

अधिष्ठात्री, गृह विज्ञान, डा. अल्का गोयल, ने छात्राओं को इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए उनकी सराहना की। विश्वविद्यालय के कुलपति, डा. तेज प्रताप सिंह, ने छात्राओं के शानदार प्रदर्शन पर हर्ष व्यक्त किया।

डा. पारूल बोरा

डा. सोनाली कार्तिक एवं

डा. शालिनी पाण्डे।